हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 21 मई 2025


तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री


11 नेशनल हाईवे -130 बी फोरलेन निर्माण ...





12 शिविर में शामिल हुए डॉ. सनम जांगड़े






## खबर संक्षेप

### मनोविज्ञान विषय की प्रायोगिक परीक्षा आज

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीए द्वितीय सेमेस्टर जीई, डीएससी (मनोविज्ञान) विषय के नियमित एवं स्वाध्यायी छात्र / छात्राओं की सेमेस्टर प्रायोगिक परीक्षा 21 मई को सुबह 09 से 12 बजे तक विज्ञान भवन मचेवा में आयोजित होगी। उक्त परीक्षा में नियमित एवं स्वाध्यायी परीक्षार्थियों को प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है। सभी परीक्षार्थी प्रायोगिक फाइल एवं एक प्रयोज्य के साथ उक्त परीक्षा दिवस को प्रातः 08:30 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करें। प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित होने पर छात्र स्वयं जिम्मेदार होंगे। परीक्षार्थी प्रायोगिक परीक्षा से संबंधित जानकारी के लिए रेणुका साहू एवं गायत्री चंद्राकर अतिथि व्याख्याता मनोविज्ञान से संपर्क कर सकते हैं।

### घर के बाहर खड़ी स्कूटी व बाइक चोरी

**महासमुंद।** जिले के तेन्दूकोना और सरायपाली थाना अंतर्गत घर के बाहर खड़ी स्कूटी व बाइक चोरी हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। बुंदेली चौकी क्षेत्र के नवागांव कला निवासी मानश्रवण डड़सेना ने थाने में शिकायत की है कि 18 मई की रात साढे 10 बजे उन्होंने एक्टिवा स्कूटी क्रमांक सीजी 06 एचसी 9972 को खड़ी कर चाबी घर के अंदर दीवार पर टांग दी और खाना खाने के बाद सो गया। सुबह देखा तो स्कूटी गायब थी और घर के सामने का दरवाजा खुला था। पुलिस ने मामले में प्रार्थी की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ बीएन एस की धारा 305, 331 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। इसी तरह सरायपाली थाना अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड कालोनी भंवरपुर मार्ग स्थित क्वार्टर नंबर एफ 5 निवासी दीपक देवांगन ने पुलिस को बताया कि वह 15 मई को घर से बाहर था और बाइक क्रमांक सीजी 10 एव्ही 3834 को घर के बाहर लॉक कर रख दिया था। हाउसिंग बोर्ड वाले मकान में पत्नी व बच्चे थे। 19 मई की सुबह 9 बजे देखा तो बाइक गायब थी। अज्ञात चोर ने 16 मई की रात एक बजे से 19 मई की सुबह 6 बजे के मध्य किसी ने पार की है।

### महासमुंद विकासखंड के 16 छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए चयनित

**महासमुंद।** राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा 2024-25 का आयोजन किया गया, जिसमें महासमुंद विकासखंड के 16 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चयन प्राप्त किया है। चयनित विद्यार्थियों में प्रियांशी सेजेस नयापारा, कुमकुम निषाद सेजेस नयापारा, रूपंशी चन्द्राकर सेजेस नयापारा महासमुंद, हर्षिता साहू उप्राशाला बेमचा, देवेन्द्र पटेल उप्राशा बकमा, हेमा उप्राशा बकमा, दिगेश्वरी उप्राशा बकमा, टिकेश्वर टंडन उप्राशा साराडीह, प्रीति साहू उप्राशा साराडीह, हिमांशी चेलक उप्राशा साराडीह, साक्षी चंद्रकार सेजेस हिंदी महासमुंद, भूमिका साहू उप्राशा खट्टी, जान्हवी चन्द्राकर उप्राशा घोडारी, स्वाती लहरे उप्राशा पटेवा, रीना टंडन उप्राशा खरोरा, योगीता ध्रुव उप्राशा रामखेड़ा शामिल है। छात्रों के चयन पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, एबीईओ हीना ढालेन एवं तारिका कुंजाम ने हर्ष जताया है। साथ ही विद्यार्थियों के पालकों, मार्गदर्शक शिक्षकों एवं प्रधानपाठकों को इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सराहना व्यक्त की। उन्होंने आगे कहा कि यह उपलब्धि संपूर्ण विकासखंड के लिए गर्व का विषय है। आगामी वर्षों में और अधिक छात्र-छात्राओं को इस प्रतिष्ठित परीक्षा में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

# पुलिस की पहल : फेसबुक पेज पर शुरू होगी ऑनलाइन क्लास

## साइबर सुरक्षा से लेकर महिला अपराध तक होंगे विषय, देश के विशेषज्ञ देंगे उपयोगी जानकारी


हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिले में आमजन को सुरक्षा, कानून और जागरूकता से जोड़ने की दिशा में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस एक नई पहल करने जा रही है। पुलिस विभाग द्वारा ऑनलाइन पुलिस क्लास कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है, इसके तहत पुलिस अपने आधिकारिक फेसबुक पेज के माध्यम से लाइव सेशन आयोजित करेगी। इस अनोखी पहल के तहत देश के ख्यातनाम विशेषज्ञ विभिन्न सामाजिक एवं विधिक विषयों पर आमजन से रूबरू होंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक सप्ताह साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, बाल अपराध, यातायात नियम जैसी महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी जाएगी। इन सत्रों का उद्देश्य आम नागरिकों, विशेषकर युवाओं और विद्यार्थियों को जागरूक करना है ताकि वे डिजिटल और सामाजिक जीवन में सतर्कता बरत सकें।

**24 मई को होगा पहला एपिसोड, साइबर एक्सपर्ट रक्षित टंडन रहेंगे लाइव:** कार्यक्रम की शुरुआत शनिवार, 24 मई को प्रातः 11 बजे होगी। इस पहले एपिसोड में देश के विख्यात साइबर विशेषज्ञ रक्षित टंडन बलौदाबाजार पुलिस के फेसबुक पेज पर लाइव रहकर साइबर डाइट एवं साइबर हाइजीन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन देंगे।








### छात्रों को सोशल मीडिया उपयोग में सतर्कता की सलाह

यह सत्र विशेष रूप से स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं के लिए उपयोगी होगा, जिसमें बताया जाएगा कि सोशल मीडिया का उपयोग करते समय किन सावधानियों का पालन जरूरी है। श्री टंडन साइबर धोखाधड़ी से बचने, डेटा प्रोटेक्शन, पासवर्ड मैनेजमेंट जैसे पहलुओं पर भी विस्तार से चर्चा करेंगे।





## कार्रवाई से पहले दिया गया था नोटिस, दुकानों और झोपड़ियां को गिराया गया

# लवन में अवैध कब्जे पर चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| लवन

शहर में सड़क किनारे अतिक्रमण करने वालों पर सोमवार को गाज गिरी। प्रशासन के बुलडोजर ने अतिक्रमण करने वाले दुकानों और झोपड़ियां को गिरा दिया। नगर पंचायत की टीम ने नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान नगर के तहसील परिसर सामने खरतोरा मोड़ तिगड़ा पास अतिक्रमणकारियों को हटाया गया। अभियान के दौरान कई अस्थाई दुकानें तोड़ी गई। तहसीलदार पेखन टोंडरे के निर्देश पर नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रणव प्रधान ने पुलिस बल के साथ सड़क किनारे लगे अतिक्रमण को हटाया गया। नगर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिए बार-बार

▸▸ शेष पेज 11 पर

### कई लोगों ने स्वयं हटाया कब्जा

निर्देश के बाद जब अतिक्रमणकारी बाज नहीं आये तो सोमवार शाम को अतिक्रमण हटाओ अभियान के साथ नगर पंचायत की टीम निकली, तो कुछ लोगों ने अपना अतिक्रमण स्वयं ही हटा लिया, किंतु बहुत सारे अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया गया। पुलिस बल के साथ नगर पंचायत की टीम अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंची तो अतिक्रमणकारियों के बीच हड़कंप मच गया। कई अतिक्रमणकारियों ने टीम के पहुंचने के बाद

▸▸ शेष पेज 11 पर



### अवैध कब्जाधारियों को नोटिस जारी

अभी जिन लोगों का अतिक्रमण हटाया गया है, उन्हें सालों से पंचायत द्वारा नोटिस दिया जा रहा था, लेकिन अतिक्रमणधारियों द्वारा हटाया नहीं गया। अब नगर में जहां भी अवैध अतिक्रमण कर होटल, ठेला, दुकान खोल रखे हैं सभी को नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाएगी।

**- प्रणव प्रधान,** मुख्य नगर पालिका अधिकारी, लवन

### जहां निर्देश मिलेगा वहीं कार्रवाई होगी

तहसील तिगड़ा में शाम से रात तक अतिक्रमण हटाया गया। जिनका बच गया है उसे शाम तक अपना सामान हटाने कहा गया है। नगर पंचायत द्वारा जहां-जहां अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई करने को कहेंगे, वहां तत्काल कार्रवाई करेंगे।

**-पेखान टोंडरे,** तहसीलदार, लवन

### दोबारा कब्जा करने पर प्रशासन बरतेगा सख्ती

प्रतीक्षा बस स्टैंड, स्कूल, तालाबों, नगर से लगे इलाके में सड़क किनारे यहां-वहां फुटपाथ की दुकान खुली हैं, तो कहीं गुमटी, ठेला और फुटपाथ पर ही दुकानें सजाई गई हैं। कुछ दुकानदार अपनी दुकानों के आगे बड़े-बड़े शेड बनाकर उसमें अपनी दुकानों के साथ समान सजा रखे हैं। कई जगहों पर सड़क किनारे सरकारी जमीन पर ही बालू और गिट्टी के दुकान खुले हैं तो कहीं सड़क किनारे सरकारी गैराज, टायर रिपेयरिंग सेंटर, होटल खुले हुए हैं तो कहीं सड़क किनारे सरकारी जमीन पर लकड़ी के बोटे, एर्वेस्टर की चादर रखी रहती है। प्रशासन द्वारा जब इन अतिक्रमण को हटाया जाता है, तो अगले ही दिन अतिक्रमणकारी फिर से उसी जगह पर कब्जा कर अपनी दुकान शुरू कर देते हैं, अब आगे पता चलेगा कि नगर पंचायत द्वारा अतिक्रमण को लेकर कितनी कार्रवाई कर पाएगी।

## समाधान शिविर

# संलग्नीकरण के मुद्दे पर शिविर में बवाल कार्रवाई का आश्वासन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा

केसदा के समाधान शिविर में महिला शिक्षिका के नियम विरुद्ध संलग्नीकरण का ग्रामीणों ने मुद्दा उठाया। इस बीच प्रभारी बीईओ ने कार्यवाही का आश्वासन दिया।

■ केसदा में 3254 आवेदनों का निराकरण

विकासखण्ड सिमगा के ग्राम केसदा में गत 16 मई को सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया था। इसमें ग्राम औरठी, डोंगरिया, झिरिया, कामता, केसदा, लांजा, पौंसरी, रिंगनी, बिनैका, नवगांव सहित दस ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। सुशासन तिहार के तहत ग्रामीणों से कुल 3254 प्राप्त आवेदनों का निराकरण शिविर स्थल में किया गया। शिविर में हंगामे की स्थिति उस समय पैदा हुई जब ग्राम पंचायत झिरिया की सरपंच प्रतिमा साहू, उपसरपंच महेन्द्र कुमार साहू, शाला जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष दोसन कुमार साहू, उपाध्यक्ष ईश्वर ध्रुव, प्रधान पाठक अजय उपाध्याय की ओर से महिला शिक्षिका कुसुम सिंग जो ग्राम झिरिया मीडिल स्कूल में पदस्थ रही हैं जो पिछले 2018-19 से नियम विरुद्ध आदर्श माध्यमिक शाला सिमगा में संलग्नीकरण के तहत रखा गया है। ग्रामवासियों ने शिक्षिका को राजनीतिक एवं प्रशासनिक संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए पुनः मूल स्थान झिरिया मीडिल स्कूल में पदस्थ करने की मांग की है। वहीं प्रभारी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी

▸▸ शेष पेज 11 पर

# ठगी के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

शहर के दर्जनों व्यापारियों से करोड़ों की ठगी कर फरार चल रहे भगोड़ा आरोपी सन्नी गोविंदानी को राहत ना देते हुए सत्र न्यायालय ने उसकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। यह निर्णय थाना सिटी कोतवाली द्वारा प्रस्तुत ठोस आपत्ति और राज्य शासन की ओर से पैरवी कर रहे शासकीय अधिवक्ता थानेश्वर वर्मा के प्रभावी तर्कों के आधार पर लिया गया।

जानकारी के अनुसार सन्नी गोविंदानी पर संगठित तरीके से ठगी करने का आरोप है। उसके खिलाफ फरियादी अभिषेक साहू की शिकायत पर थाना सिटी कोतवाली में एफआईआर दर्ज की गई थी।



आरोपी ने अपने कुछ सहयोगियों के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से व्यापारियों को आर्थिक नुकसान पहुंचाया।

पीड़ित व्यापारियों और शहरवासियों में इस निर्णय के बाद हर्ष का माहौल है। व्यापारी वर्ग लंबे समय से आरोपी सन्नी गोविंदानी और उसके सहयोगी आरोपी मनोहर गोविंदानी के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहा था। नागरिकों ने शासन प्रशासन से भी अपील की थी कि आरोपियों की पूर्व में प्राप्त अग्रिम जमानत निरस्त कर ठगी की गई राशि की वसूली सुनिश्चित की जाए।

तरुण, हेमंत, वेदप्रकाश, वरुण, आयुष, अभिषेक, जितेन्द्र, सुमित, रिंकू, भोला, बीरेंद्र, विक्की, आकाश, हीरा एवं अविनाश सहित स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की

▸▸ शेष पेज 11 पर

# यातायात पुलिस ने बरती सख्ती, 87 चालकों का काटा चालान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

■ 28,700 रुपए समन शुल्क वसूला जिले में लगातार चल रहा चेकिंग अभियान

जिले में सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने जिला यातायात पुलिस नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर लगातार सख्त कार्रवाई में जुटी है। इसी क्रम में 19 मई को विशेष चेकिंग अभियान चलाकर 87 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई तथा 28,700 का समन शुल्क वसूला गया।



### तीन सवारी, बिना हेलमेट और नो-पार्किंग पर विशेष फोकस

चेकिंग अभियान के दौरान दोपहिया वाहनों में तीन सवारी चलाने वाले 24 चालकों पर कार्रवाई कर 7,200 का समन शुल्क वसूला गया। वहीं बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 23 वाहन चालकों पर 11,500 का जुर्माना लगाया गया। नो-पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़ा करने वाले 17 चालकों पर भी सख्त कार्रवाई करते हुए 5,100 का समन शुल्क वसूला गया।

### जागरुकता और अनुशासन का संदेश

यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की कार्रवाई जिलेभर में निरंतर जारी रहेगी। पुलिस का उद्देश्य केवल चालान काटना नहीं, बल्कि नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और आमजन के लिए सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

### नियमों का पालन करें, सुरक्षित रहें

जिला यातायात पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें। हेलमेट पहने, तीन सवारी से बचें, वाहन निर्धारित पार्किंग स्थान पर ही खड़ा करें और सड़क पर अनुशासन का पालन करें। पुलिस प्रशासन आपकी सेवा और सुरक्षा हेतु सतत तत्पर है।

## आदिवासी क्षेत्रों तक पहुंचायी जाएंगी सभी सरकारी योजनाएं

# जिले में 15 जून से शुरू होगा धरती आबा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना अंतर्गत धरती आबा जगरूकता और संतृप्तिकरण अभियान 15 से 30 जून तक चलाया जाएगा। अभियान के तहत जनजातीय बाहुल्य गांव में सभी शासकीय योजनाओं का लाभ पात्रता अनुसार पहुंचाए जाएंगे। कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को समय -सीमा की बैठक में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना के बेहतर क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों क्रो जरुरी निर्देश दिये।कलेक्टर सोनी ने बताया कि अभियान के क्रियान्वयन हेतु आदिवासी

▸▸ शेष पेज 11 पर

## जिले के जनजातीय बाहुल्य 46 गांव प्रारंभिक रूप से चयनित




### अधिकारी 14 जून तक करेंगे चयनित हितग्राहियों का सत्यापन

कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों क्रो निर्देशित किया कि चयनित गांव का भ्रमण कर योजनाओं से छूटे हुए हितग्राहियों का गेप आइडेंटिफीकेशन 14 जून तक पूरा कर लें। 15 जून से 30 जून तक अभियान में हितग्राहियों क्रो पात्रतानुसार सभी योजनाओं से लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि अभियान अंतर्गत राशन कार्ड, आधार कार्ड,आयुष्मान कार्ड, वयोवृद्ध कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, पीएम उज्ज्वला गैस कनेक्शन, जनधन खाता, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन योजना, मुद्रा लोन, पीएम विश्वकर्मा योजना, मातृ एवं शिशु कलयाण, टीकाकरण, आंगनबाड़ी आदि सेवाएं उपलब्ध कराएं।

### लंबित आवेदनों का होगा निराकरण

कलेक्टर ने समय- सीमा के आवेदनों की समीक्षा करते हुए सभी लंबित आवेदनों का समय पर निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने शहरी क्षेत्रों में सड़क, नाली की सफाई, पानी टंकी की सफाई बारिश से पहले पूरा कराने के निर्देश दिये। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों के हैंडपंप, नलकूपों की वाटर टेस्टिंग, पानी टंकियों की सफाई एवं टंकी में सफाई का दिनांक लिखवाने के निर्देश पीएचई के अधिकारियों क्रो दिये। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक शौचालय निर्माण एवं रख -रखाव क्रो गंभीरता से लेते हुए अधूरे शौचालयों का निर्माण शीघ्र कराने व निर्मित शौचालयों क्रो सक्रिय करने के निर्देश दिये।

# मटिया को स्वतंत्र पंचायत बनाने की मांग उठी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कसडोल

विकासखंड के ग्राम तेन्दूभाठा को स्वतंत्र राजस्व ग्राम घोषित की मांग को लेकर मंगलवार को सैकड़ों ग्रामीण कलेक्टोरेट पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर दीपक सोनी से मुलाकात कर ग्राम पंचायत मटिया से अलग कर तेन्दूभाठा को राजस्व ग्राम घोषित करने की मांग की। वार्ड 18 की पंच भुनेश्वरी कैवर्त्य और ग्रामीण गौसाय साहू ने बताया कि सुशासन तिहार में बीते 11 अप्रैल को ऑनलाइन आवदेन के तहत तेन्दूभाठा को ग्राम मटिया से अलगकर स्वतंत्र राजस्व ग्राम की मांग की गई थी, जिसमें आवेदन के कार्रवाई विवरण में प्राप्त दस्तावेज में तहसीलदार द्वारा मटिया ग्राम पंचायत के सचिव द्वारा ग्रामसभा का अभिमत एवं ग्रामसभा प्रस्ताव मांगा गया था, जो अभी तक अप्राप्त हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि टुण्डरा तहसीलदार द्वारा ग्राम पंचायत मटिया के सचिव सरपंच से ग्रामसभा कर अभिमत मांगा था, जिसके लिए ग्रामसभा से प्रस्ताव पारित कर 15 मई तक प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था, लेकिन सचिव ने 16

▸▸ शेष पेज 11 पर

# महालेखाकार का कहना- आय-व्यय का सही हिसाब नहीं दे रहे बजट नियंत्रण अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के महालेखाकार ने राज्य सरकार के वित्त विभाग को बताया है कि सरकार के कई विभागों के बजट नियंत्रण अधिकारी लेखों ( अकाउंट) के पुनर्मिलान का काम पूरा नहीं कर रहे हैं। कुछ अधिकारियों ने यह काम आंशिक रूप से ही किया है। इस स्थिति को देखते हुए अब वित्त विभाग ने तय है कि ऑनलाइन अंक मिलान का काम अब ई कोष वेबसाइट पर ऑनलाइन मॉड्यूल से किया जाएगा।

- वित्त ने पुराने निर्देश किए दरकिनार
- अब नए सिस्टम से होगा ये काम

## वित्त ने जारी किया आदेश

इस संबंध में राज्य सरकार के वित्त विभाग ने शासन के सभी विभागों, राजस्व मंडल बिलासपुर, सभी विभागाध्यक्ष, सभी बजट नियंत्रण अधिकारी, सभी संभागीय आयुक्त और राज्य के सभी कलेक्टरों के लिए आदेश जारी किया है। विभाग का कहना है कि बजट संबंधी आय व्यय के आंकड़ो का महालेखाकर कार्यालय के आंकड़ो से मिलान किए जाने के दिशा निर्देश दिए गए हैं। लेखाओं का अंक मिलान, लेखों की प्राप्ति, एवं व्यय के आंकड़ो की प्रमाणिकता एवं सटीकता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिक निभाता है। इस संबंध में पूर्व में जारी सभी निर्देशों को दरकिनार करते हुए नए निर्देश जारी किए गए हैं।

## अब ऑनलाइन मॉड्यूल से मिलाए जाएंगे आंकड़े




## आंकड़ों का पुनर्मिलान अनिवार्य

वित्त विभाग ने कहा है कि प्राप्तियों एवं व्यय के आंकड़ों का संबंधिक विभागीय व्यय के आंकड़ों से पुनर्मिलान किया जाना अनिवार्य है। ताकि राज्य के वित्त एवं विनियोग लेखों में आय एवं व्यय की राशियों को वास्तविक एवं सही रूप में प्रदर्शित किया जा सके। लेकिन महालेखाकार ने सूचित किया है कि विभिन्न विभागों के बजट नियंत्रण अधिकारी लेखों के पुनर्मिलान का काम आंशिक रूप से ही कर रहे हैं।

## अब ये काम होगा ऑनलाइन

अब यही काम ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। कोषाल्य के प्राप्ति एवं व्यय के आंकड़ों के ऑनलाइन मिलान के लिए संचालनालय कोष एवं लेखा द्वारा ई-कोष वेबसाइट पर ऑनलाइन मॉड्यूल तैयार किया गया है, जिसमें पुनर्मिलान के लिए ऑनलाइन प्लेटफार्म का लिंक उपलब्ध कराया गया है। इसके माध्यम से नियमित रूप से आय-व्यय के आंकड़ों के पुनर्मिलान का काम किया जाएगा। पुनर्मिलान के बाद बजट नियंत्रण अधिकारी इस आशय का प्रमाणपत्र ऑनलाइन अपलोड कर महालेखाकर को प्रेषित करेंगे। इस काम के लिए समय सीमा तय है। देर होने पर विभागीय सचिवों द्वारा उत्तरदायित्व तय कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### मुख्यमंत्री के कड़े तेवर लापरवाह अधिकारियों पर गिरी गाज

**रायपुर।** सुशासन तिहार के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने काम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करते हुए दो बड़े निर्णय लिए। मुख्यमंत्री ने मुंगेली जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता आरके मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मनियारी और पथरिया जलाशय जैसी महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाएं वर्षों से अधूरी पड़ी हैं, जो लापरवाही का स्पष्ट प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के जिला शिक्षा अधिकारी जगदीश कुमार शास्त्री को पद से हटाने के निर्देश दिए।

### तालाब पार से टीम प्रहरी ने हटाए अवैध कब्जे

**रायपुर।** टीम प्रहरी नगर निवेश की ओर से शीतला तालाब के पार से सोमवार को अवैध कब्जे हटाये गए। उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा, नगर निवेशक आभाष मिश्रा की विशेष उपस्थिति में टीम ने जोन 2 के रेल्वे स्टेशन मार्ग में सुगम आवागन देने अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की। जोन 9 के वार्ड नंबर 10 में सड़क पर कब्जा कर लगायी गयी कबाड़ी दुकान को तत्काल सीलंबद करने कार्यवाही की गयी। जयस्तंभ चौक से साइंस कालेज के सामने मार्ग तक अवैध बैनर और पोस्टर हटाये गये।

### कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली सियासी ढकोसलेबाजी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के वन और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने



कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट की मौजूदगी में सोमवार को हुई कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली को लेकर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा, कांग्रेस संविधान के नाम पर सौ-सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली की कहावत को चरितार्थ कर रही है। कांग्रेस संविधान के नाम पर झूठा नैरेटिव सेट करके देश को बरगलाने की लाख कोशिश कर ले, लेकिन कांग्रेस के नितांत संविधान व लोकतंत्र विरोधी राजनीतिक चरित्र से वाकिफ देशवासी अब कांग्रेस के इस झांसे में कतई नहीं आने वाले हैं।

## राज्य सरकार ने लगाया कैविएट

# स्कूलों और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण और बीएड का मामला जा सकता है कोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने हाल ही में स्कूल शिक्षा विभाग से संबंधित दो अत्यंत महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। एक मामला स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण का है और दूसरा बीएड डिग्रीधारी 2621 शिक्षकों के समयोजन का है।

इन दोनों मामलों को लेकर शिक्षकों से जुड़े संगठनों में राजनीति गरमाई हुई है। इस स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार के निर्णय को याचिका के माध्यम से चुनौती देने के लिए न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकते हैं तथा राज्य सरकार के इन निर्णयों तथा उसकी प्रक्रियाओं के विरुद्ध अंतरिम आदेश की भी प्रार्थना कर सकते हैं। ऐसी याचिका दायर किए जाने की स्थिति में न्याय के हित में यह आवश्यक होगा कि कोई भी आदेश पारित करने से पूर्व राज्य सरकार को सुनवाई का अवसर दिया जाए। दोनों मामलों में कैवियेट दायर किया गया है।

### बीएड शिक्षकों के समायोजन का मामला

बीएड डिग्री की योग्यता रखने वाले 2621 उम्मीदवारों को शुरू में स्कूल शिक्षा विभाग में सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्त किया गया था और बाद में 2621 उम्मीदवारों को दी गई नियुक्तियां क्षेत्र को नियंत्रित करने वाले नियमों के विपरीत होने के कारण रद्द कर दी गईं थीं। इसके बाद, उपरोक्त 2621 उम्मीदवारों द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग में उनकी पुनर्नियुक्ति के लिए बार-बार अभ्यावेदन और अनुरोध किए जाने पर, उन 2621 उम्मीदवारों के मामलों को आवश्यक कार्रवाई के लिए अंतर्विभागीय समिति के समक्ष रखा गया और विस्तार से चर्चा और विचार-विमर्श के बाद, 2621 बीएड डिग्री की योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों को सहायक शिक्षक (विज्ञान-प्रयोगशाला) के पद पर समायोजित करने के लिए साल्ड समिति द्वारा एक अनुशंसा की गई थी और राज्य सरकार की कैबिनेट में एक निर्णय भी राज्य सरकार द्वारा लिया गया है। राज्य सरकार के निर्णय के अनुसार सहायक अध्यापक (विज्ञान प्रयोगशाला) के पद पर उक्त 2621 अभ्यर्थियों के समायोजन की कार्यवाही अभी भी जारी है।

- राज्य सरकार ने कहा- हमें भी सुनवाई का अवसर मिले
- किसी भी प्रकरण में याचिका लगाए जाने की आशंका




### युक्तियुक्तकरण पर कही ये बात

राज्य सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण के मामले में कैवियेट के संबंध में कहा गया है कि राज्य सरकार ने ऐसे स्कूलों और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण करने का निर्णय लिया है, जहां स्वीकृत पदों से अधिक शिक्षक पदस्थ हैं, ताकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के अनुसार स्कूल में प्रवेशित छात्र,बच्चों के अनुपात में शिक्षकों की पदस्थापना सुनिश्चित की जा सके, जो छात्रों के व्यापक हित के लिए उपयुक्त है और आगे ऐसे स्कूलों में शिक्षकों की पदस्थापना सुनिश्चित की जा सके जहां या तो एकल शिक्षक या कोई शिक्षक पदस्थ नहीं है और ऐसे युक्तियुक्तकरण के लिए, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 8 मई 2025 को एक व्यापक दिशा-निर्देश तैयार किया गया है, जो कि छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिला कलेक्टरों और सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को संबोधित है। इस बात की पूरी आशंका है कि पीड़ित व्यक्ति, प्रस्तावित याचिकाकर्ता,पीड़ित शिक्षक दिशा-निर्देशों तथा विद्यालयों एवं शिक्षकों के युक्तिकरण के संबंध में इसकी प्रक्रिया को चुनौती देते हुए इस न्यायालय में याचिका दायर कर सकते हैं तथा इसके विरुद्ध अंतरिम आदेश की भी प्रार्थना कर सकते हैं। ऐसी याचिका दायर किए जाने की स्थिति में न्याय के हित में यह आवश्यक होगा कि कोई भी आदेश पारित करने से पूर्व कैवेटर,राज्य सरकार को सुनवाई का अवसर दिया जाए।

# छत्तीसगढ़ में शुरू होगा भू-जल संवर्धन मिशन, वर्षा जल संरक्षण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- मुख्यमंत्री आज करेंगे मिशन का शुभारंभ

राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा भू-जल और वर्षा जल के संरक्षण के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय भू-जल संवर्धन मिशन प्रारंभ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मंगलवार को इसका शुभारंभ करेंगे। मिशन के तहत प्रदेश के शहरों में भू-जल और वर्षा जल के संरक्षण के लिए प्रभावी काम किए जाएंगे। भू-जल संवर्धन मिशन के शुभारंभ के मौके पर हाइड्रोलॉजिस्ट्स, कॉलोनाइजर्स, उद्योग, राज्य शासन के विभिन्न विभाग तथा विशेषज्ञ जल संरक्षण इसके उपायों और परिणामों पर मंथन भी करेंगे।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 20 मई को दोपहर तीन बजे से आयोजित भू-जल संरक्षण मिशन के शुभारंभ कार्यक्रम के प्रथम सत्र में विशेषज्ञ जल संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श करेंगे। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव इस दौरान शहरों में जल संरक्षण पर विशेषज्ञों से चर्चा करेंगे। वे प्रदेश के नगरीय निकायों में जल संरक्षण की भावी कार्ययोजना भी साझा करेंगे। मुख्यमंत्री द्वितीय सत्र में शाम छह बजे मिशन का शुभारंभ करेंगे। वे नगरीय निकायों में सेवाकाल के दौरान दिवंगत कर्मचारियों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री भू-जल संवर्धन मिशन के ब्रोशर का विमोचन और इस पर तैयार वीडियो भी लॉन्च करेंगे।

### सूरत म्यूनिसिपल कार्पोरेशन और राजेंद्र सिंह रणनीति बताएंगे

डॉ. बसवराजु ने बताया कि प्रथम सत्र में गुजरात के सूरत म्यूनिसिपल कार्पोरेशन की विशेषज्ञ टीम एवं शुभारंभ सत्र के विशेष आमंत्रित वक्ता भारत के वॉटरमैन राजेन्द्र सिंह जल संरक्षण की रणनीति साझा करेंगे। उप मुख्यमंत्री अरुण साव भू-जल एवं वर्षा जल संरक्षण पर अपनी प्रस्तुतिकरण के बाद प्रतिभागियों से खुली चर्चा करेंगे। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सभी नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, अभियंताओं, विशेषज्ञों, समाजसेवियों तथा स्वयंसेवी संगठनों से भू-जल संवर्धन मिशन के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### वन, पीएचई और सिंचाई विभाग देंगे प्रस्तुतिकरण

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. ने बताया कि भू-जल संवर्धन मिशन का शुभारंभ कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित किया जा रहा है। प्रथम सत्र में देश के ख्यातिलब्ध विशेषज्ञ एवं अधिकारी भू-जल एवं वर्षा जल संरक्षण पर देश-विदेश में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उनके परिणामों पर चर्चा कर छत्तीसगढ़ में इसके क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श करेंगे। प्रदेश के हाइड्रोलॉजिस्ट रेन वॉटर हॉर्वेस्टिंग की जरूरत, उत्कृष्ट कार्ययोजना और बेस्ट प्रेक्टिसेस पर जानकारी देंगे। क्रेडाई के कॉलोनाइजर्स कॉलोनियों में तथा चैम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि उद्योगों में भू-जल संचय के लिए किए जा रहे कार्यों पर प्रस्तुतिकरण देंगे। वन विभाग, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा जल संसाधन विभाग के अधिकारी भी भू-जल एवं वर्षा जल के संरक्षण के लिए अपने-अपने विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों तथा उनके परिणामों को प्रस्तुत करेंगे।

# बदहाल यातायात व्यवस्था सुधारने गुजरात की तर्ज पर ट्रैफिक वार्डन

- 25 ट्रैफिक वार्डन नियुक्त, मिलेगा कलेक्टर दर पर मानदेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने रेंज पुलिस की पहल पर शहर के व्यस्त चौक-चौराहों पर 25 ट्रैफिक वार्डन तैनात किए जाएंगे। ट्रैफिक वार्डन को कलेक्टर दर पर मानदेय दिया जाएगा। ट्रैफिक पुलिस को निगम तथा जिला प्रशासन ने ट्रैफिक वार्डन उपलब्ध कराए हैं।

शहर में अवैध अतिक्रमण हटाने नगर निगम ने जिस तरह से टीम प्रहरी का गठन किया है। उसी तर्ज पर ट्रैफिक वार्डन का कांसेप्ट लाने की पहल आईजी अमरेश मिश्रा ने की है। आईजी की पहल पर निगम तथा जिला प्रशासन ने ट्रैफिक पुलिस को 25 वार्डन यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए दिए हैं। उल्लेखनीय है कि ट्रैफिक पुलिस में जरूरत के मुताबिक एक चौथाई बल नहीं है। वर्तमान में जो बल है, उनमें से ज्यादातर ट्रैफिक जवान वीआईपी ड्यूटी के लिए तैनात किए जाते हैं। इसके चलते शहर के कई व्यस्त मार्गों पर ट्रैफिक भगवान भरोसे चलता है।



*प्रशिक्षण के बाद होगी तैनाती :* ट्रैफिक कंट्रोल करने जिन 25 वार्डन का चयन किया गया है। उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद उनकी फील्ड में तैनाती होगी। ट्रैफिक वार्डन के कार्यों की एक माह बाद समीक्षा की जाएगी। समीक्षा में जो अच्छा कार्य करेंगे, उनसे नियमित ट्रैफिक वार्डन का काम लेंगे, जिनका कार्य गुणवत्ताहीन होगा, उन्हें रिप्लेस किया जाएगा।

*रायपुर के बाद अन्य जिलों में होगी पहल :* ट्रैफिक वार्डन के माध्यम से यातायात कंट्रोल करने की रिपोर्ट बेहतर होने के बाद छत्तीसगढ़ के अन्य शहरों में भी यह पहल की जाएगी। ट्रैफिक वार्डन को पुलिस बल की तरह अधिकार नहीं मिलेगा। उनका दायित्व केवल ट्रैफिक कंट्रोल करने तक सीमित रहेगा। वार्डन के साथ कोई दुर्व्यवहार करेगा तो वे उसकी शिकायत थाने में कर सकेंगे। ट्रैफिक वार्डन की जिम्मेदारी संदिग्धों पर नजर रखने की भी रहेगी।

### बल की कमी के चलते वार्डन करेंगे तैनात

एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के अनुसार रायपुर शहर में लगातार वाहनों की वृद्धि होने से सभी चौक-चौराहों पर यातायात का दबाव बढ़ रहा है। बाजार क्षेत्रों में सड़क किनारे वाहनों पार्किंग से अव्यवस्था हो रही है। नगर निगम के टीम प्रहरी पुलिस के साथ संयुक्त रूप से सड़कों को आवागमन के लिए उपलब्ध कराने, अतिक्रमण पर कार्यवाही प्रभावी तरीके से कर रही है। यातायात बल में कमी होने से सभी जंक्शन स्थानों पर ड्यूटी नहीं लग पा रही है, जिसकी पूर्ति ट्रैफिक वार्डन के माध्यम से की जाएगी। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओ विश्वरंजन, निगम आयुक्त विश्वदीप, ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी सहित दो सौ के करीब लोग उपस्थित रहे।

# धान की नीलामी के दूसरे चरण की बोली शुरू, 22 हजार स्टैक शेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में धान की नीलामी का दूसरा चरण सोमवार से शुरू हो गया। एक सप्ताह तक चलने वाली बोली में जिला कलेक्टरों ने मिल मालिकों को बचे हुए धान की नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के निर्देश दिए। प्रथम चरण के बाद लगभग 22 हजार स्टैक धान नीलामी के लिए संग्रहण केंद्रों में बचा है। सभी जिलों में हुई बोली के बाद अधिकांश जिलों में तीन हजार से अधिक स्टैक का निराकरण होने का अनुमान है। मार्कफेड के अधिकारियों ने बताया कि 30 जिलों के संग्रहण केंद्रों में रखे धान को नीलामी के माध्यम से बेचा जा रहा है।

राज्य शासन द्वारा बचे हुए धान का विक्रय दर निर्धारित कर नीलामी किया जा रहा है। नीलामी का प्रथम चरण पूर्ण हो चुका है। बवे हुए स्टैकों की प्राइस मैचिंग करते हुए उठाव के निर्देश कलेक्टर ने राइस मिलर्स को दिए। राज्य शासन ने मोटा धान पुराने बारदाना के लिए 1900 और नए बारदाना के लिए 1950 रुपए प्रति क्विंटल विक्रय दर



- पहले दिन 3 हजार स्टैक पर लगी बोली, एक सप्ताह तक चलेगी

निर्धारित किया है। वहीं पतला धान पुराने बारदाने में 2000 और नए बारदाने में 2150 रुपए की दर निर्धारित की गई है। अधिकांश जिलों में व्यापरियों ने संग्रहण केंद्र में धान की स्थिति के आधार पर 1700 रुपए तक बोली लगाई है। बताया जाता है कि सभी को प्राइज मैचिंग का आप्शन दिया गया है।

### सभी जिलों में बचा धान

पहले चरण की बोली के बाद सभी जिलों में धान शेष है। रायपुर में 2 हजार स्टैक, सूरजपुर में 738, धमतरी, राजनांदगांव, बालोद और दुर्ग में अच्छी बोली आने के बाद भी धान की नीलामी में बेस प्राइज के बराबर बोली नहीं आ पा रही है। बताया गया है कि दूसरे चरण की बोली में आज लगभग 3 हजार स्टैक का निराकरण होने का अनुमान है।

# सनातन धर्म प्रतीकों की रक्षक थीं महारानी अहिल्या बाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महारानी अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जन्म जयंती पर एकात्म परिसर में भाजपा रायपुर शहर जिला द्वारा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विशेष रूप से विधायक, मंडल और आयोग अध्यक्ष और प्रदेश भाजपा और शहर जिला के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में रायपुर शहर जिला के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा ने कहा, सनातन धर्म प्रतीकों की शक्तिशाली रक्षक थीं महारानी अहिल्या बाई होलकर। उन्होंने अहिल्याबाई को महिला सशक्तीकरण का प्रतीक बताते हुए कहा, उनका पूरा जीवन सामाजिक सुधारों, सुशासन की अवधारणा को धरातल पर साकार करने और सांस्कतिक पुनर्जागरण के लिए समर्पित रहा। शशांक शर्मा ने कहा, आजादी के बाद कांग्रेस शासनकाल के दौरान यह शिगूफा छोड़ा गया कि देश की आजादी कांग्रेस ने दिलाई। कांग्रेस इस झूठे नैरेटिव सेट कर शासन किया , महारानी अहिल्याबाई के सुशासन और कर्त्तव्यपरायणता, सांस्कृतिक धरोहर और विरासत को कांग्रेस ने देश से छिपाने का काम किया। रायपुर शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने कहा, यह मात्र एक कार्यशाला नहीं अपितु भारत में सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली पुण्य आत्माओं का पुण्य स्मरण रूपी हव्य है। कार्यशाला में मंच संचालन जिला महामंत्री सत्यम दुआ और आभार प्रदर्शन महिला मोर्चा अध्यक्षा सीमा संतोष साहू ने किया।



- भाजपा रायपुर शहर कार्यशाला का किया गया आयोजन

# 24 को नीति आयोग की बैठक लेंगे मोदी, साय होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नीति आयोग की बैठक 24 मई को दिल्ली में आयोजित होगी, जिसमें छत्तीसगढ़ से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पहली बार शामिल होंगे। उनके साथ डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा और वित्त मंत्री ओपी चौधरी भी बैठक में मौजूद रहेंगे।

मुख्यमंत्री बनने के बाद यह विष्णुदेव साय की पहली नीति आयोग बैठक होगी, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी भाग लेंगे। बैठक में छत्तीसगढ़ सरकार राज्य की प्रमुख योजनाओं के लिए केंद्र से अतिरिक्त समर्थन की मांग करेगी। बताया गया है कि पीएम आवास योजना के तहत नए सर्वे के अनुसार 26 लाख मकानों के निर्माण की प्रक्रिया चल रही है, जिसके लिए अतिरिक्त आबंटन की मांग की जाएगी।

### विशेष पैकेज की होगी मांग

इसके अलावा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों और नवा रायपुर के विकास के लिए भी विशेष पैकेज की मांग की जा सकती है। स्मार्ट सिटी योजना में केंद्रीय अनुदान बंद हो चुका है, ऐसे में सीएम शहरी इलाकों में मूलभूत सुविधाओं के लिए बजट की मांग रख सकते हैं। बैठक की तैयारी को लेकर मुख्य सचिव अमिताभ जैन पहले ही विभागीय सचिवों के साथ मंथन कर चुके हैं। दिल्ली दौरे के लिए सीएम और मंत्रीमंडल के सदस्य 23 मई को रवाना होंगे।

*भाजपा नेताओं से मिलेंगे साय*
*दिल्ली प्रवास के दौरान सीएम साय की मुलाकात भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और अन्य वरिष्ठ नेताओं से 24 की शाम या 25 मई को हो सकती है। बताया गया है कि पीएम मोदी भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की 25 मई को अलग से बैठक लेंगे।*

# नक्सलवाद पर गृहमंत्री के बयान को लेकर धनेंद्र ने साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गृह मंत्री विजय शर्मा द्वारा नक्सलवाद पर दिए गए बयान की आलोचना करते हुए पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने उन पर निशाना साधा है।

एक बयान जारी कर उन्होंने कहा कि गृह मंत्री विजय शर्मा आरोप लगा रहे हैं कि राहुल गांधी की नीति नक्सलवाद पर स्पष्ट नही है, जबकि राहुल गांधी खुद नक्सलियों और आतंकियो के विरोधी हैं और हमेशा रहे हैं। कांग्रेस की नीति भी आतंकवाद और नक्सालवाद के खिलाफ है। गृह मंत्री इस तरह के अनर्गल आरोप लगाना बंद करें। आतंकवाद और नक्सलवाद की लड़ाई में राहुल गांधी की दादी एवं पिता शहीद हुए हैं। यह शायद गृह मंत्री भूल गये हैं। या कहें कि उनकी याददाश्त कमजोर हो गई है। श्री साहू ने कहा है कि तेलंगाना सरकार पर जो आरोप लगाया गया है कि वे नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में मदद नहीं कर रही है, तो वे तेलगांना सरकार से चर्चा करें एवं सहयोग मांगें। तेलंगाना सरकार सहयोग करेगी, क्योंकि वह भी खुद नक्सलवाद से परेशान है एवं उससे लड़ रही हैं। तेलंगाना सरकार पर भी झूठा आरोप लगा रहे हैं। छत्तीसगढ़ की पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार के समय पर्याप्त फोर्स नहीं दी गई और अब तेलंगाना की कांग्रेस सरकार को भी पर्याप्त फोर्स केन्द्र सरकार के द्वारा नहीं दिया गया है। गृहमंत्री को यह स्पष्ट करना चाहिए कि राहुल गांधी ने नक्सलवाद को खत्म करने में कौन सी रूकावट पैदा की है?



- गृहमंत्री को यह स्पष्ट करना चाहिए कि राहुल गांधी ने नक्सलवाद को खत्म करने में कौन-सी रुकावट पैदा की है?

# बीएलएड बंद करने और आईटीईपी लागू करने पर संसदीय समिति में गहन चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सांसद बृजमोहन अग्रवाल सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित संसद की शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल संबंधी स्थायी समिति की बैठक में सम्मिलित हुए।

इस बैठक में भारत की शिक्षक शिक्षा प्रणाली से संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य रूप से बैचलर ऑफ एलीमेंट्री एजुकेशन (बीएलएड) कार्यक्रम को बंद करने के निर्णय, एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) की शुरुआत, उसकी वर्तमान कार्यान्वयन स्थिति, भविष्य की योजनाएं, पाठ्यक्रम की संरचना और आईटीईपी पढ़ाने के लिए आवश्यक योग्यताओं पर विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) की नीतियों, शिक्षक प्रशिक्षण, आवश्यक योग्यताओं तथा डीएलएड (प्राथमिक शिक्षा में डिप्लोमा) और जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थानों (डीआईईटी) के भविष्य पर भी चर्चा हुई। बैठक में शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव, एनसीटीई के अध्यक्ष तथा सिविल सोसायटी संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे और उन्होंने अपनी-अपनी राय और सुझाव समिति के समक्ष रखे। श्री अग्रवाल ने कहा, शिक्षक शिक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, गुणवत्ता और व्यवहारिकता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। भविष्य के राष्ट्र निर्माताओं को तैयार करने वाले शिक्षकों की तैयारी भी आधुनिक, समावेशी और मूल्यनिष्ठ होनी चाहिए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि डीआईईटी जैसे संस्थानों को सशक्त बनाने हेतु विशेष नीति बनाई जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षक तैयार किए जा सकें।



- शिक्षक और शिक्षा की गुणवत्ता पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने जताई चिंता, ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत डीआईईटी की वकालत

## खबर संक्षेप



### बाइबिल स्कूल में 200 बच्चे हुए शामिल, मिली शिक्षा

**रायपुर।** सेंट पॉल्स कैथेड्रल में सोमवार को सुबह 7 बजे वेकेशन बाइबिल स्कूल का प्रारंभ हो गया। पहले दिन करीब 200 बच्चे शामिल हुए। रविवार तक चलने वाले वीबीएस में अलग-अलग आयुवर्ग के अनुसार लगभग 12 कक्षाएं लगाई जा रही हैं। इसमें धर्म, संस्कृति, परंपराओं, नैतिक शिक्षा, गीत-संगीत, कला व राष्ट्रीय दायित्वों के बारे में बच्चों को दक्ष किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ डायसिस की बिशप डॉ. सुषमा कुमार की प्रार्थना से किया। इस दौरान संडे स्कूल के बच्चों को शपथ भी दिलाई गई। इसके बाद उन्होंने चलेंगे हम ज्योति में... गीत गाते हुए रैली के रूप में चर्च में प्रवेश किया। वीबीएस का मुख्य ध्येय है आदर का पात्र। इसी विषय पर बिशप ने बच्चों को शिक्षा दी। उन्होंने एक्शन सांग भी बच्चों को सिखाया। इस अवसर पर पादरी सुबोध कुमार, कैथेड्रल के पादरी असीम विक्रम, पादरी सुशील मसीह, डीकन मनशीश केजू, पास्ट्रेट कोर्ट के अध्यक्ष जॉन राजेश पॉल, सदस्य दीपक दास, चर्च सचिव रुचि धर्मराज, कोषाध्यक्ष किरण सिंग, संडे स्कूल सुपरिटेंडेंट नेहा पिल्ले, कोषाध्यक्ष रश्मि जेम्स भी विशष रूप से शामिल रहे।

### रविवि की प्रवेश परीक्षाओं की तिथियों में बदलाव

**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा प्रवेश परीक्षाओं की तिथियों में बदलाव किया गया है। रविवि द्वारा बीते दिनों प्रवेश परीक्षाओं में शामिल होने के लिए आवेदन तिथि में वृद्धि की गई थी। इसके बाद प्रवेश परीक्षाओं की तिथियों में भी बदलाव किया गया है। 8 से 15 जून तक दो पालियों में ये प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। संशोधित समय-सारिणी विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

### पीपीएचटी के मॉडल आंसर जारी, मंगाई दावा-आपत्ति

**रायपुर।** व्यापम द्वारा पीपीएचटी के मॉडल आंसर जारी कर दिए गए हैं। व्यापम द्वारा यह प्रवेश परीक्षा 8 मई को आयोजित की गई थी। मॉडल आंसर जारी करने के पश्चात व्यापम द्वारा 24 मई तक दावा आपत्ति मांगी गई है। इसके लिए प्रति प्रश्न 50 रुपए का भुगतान अभ्यर्थियों को करना होगा। व्यापम की वेबसाइट पर जाकर मॉडल आंसर देखे जा सकते हैं।

### 900 डाक्टर कर रहे बांड पोस्टिंग का इंतजार, जूडा एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** पदस्थापना के लिए काउंसिलिंग प्रक्रिया अपनाने के साथ पिछले चार माह से बांड पोस्टिंग की राह देख रहे 900 डाक्टरों को तत्काल सेवा में लिये जाने की मांग की गई है। जूनियर डाक्टर एसोसिएशन ने इसके लिए स्वास्थ्य संस्थानों में कमी का हवाला भी दिया है। इस मामले में चिकित्सा शिक्षा आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर इस मामले में शीघ्र फैसला लिये जाने मांग की गई है। जूनियर डाक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. रेशम सिंह ने अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ चिकित्सा शिक्षा आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर अनुबंध सेवा के तहत शीघ्र पोस्टिंग दिए जाने की मांग की है। उल्लेख किया गया कि एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने वाले लगभग 700 एवं एमडी-एमएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके 200 विशेषज्ञ डॉक्टर विगत चार महीनों से अपनी अनुबंध पदस्थापना की प्रतीक्षा कर रहे हैं। पोस्टिंग नहीं होने की वजह से इन युवा चिकित्सकों का करियर प्रभावित हो रहा है, साथ ही राज्य के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में डॉक्टरों की भारी कमी के कारण आम लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। इसके साथ ही जूडा एसोसिएशन ने सुझाव दिया कि बॉन्ड सेवा की पदस्थापना प्रक्रिया को काउंसलिंग के माध्यम से पारदर्शी रूप में प्रारंभ किया जाए, जिससे योग्य चिकित्सकों को उनकी पसंद के अनुसार कार्यस्थल प्राप्त हो सके।

# नेशनल हाईवे -130 बी फोरलेन निर्माण में तेजी लाने के निर्देश

## राजस्व मंत्री ने ली लोनिवि व एनएच विभाग के अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने रायपुर स्थित निवास कार्यालय में लोक निर्माण विभाग एवं राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने रायपुर-सारंगढ़ फोरलेन एनएच-130 बी के निर्माण कार्य में गति लाने के निर्देश दिए।

मंत्री वर्मा ने संबंधित कंसल्टेंट कंपनी को शीघ्र डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयार करने के आदेश देने को कहा। साथ ही लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि नोटिफिकेशन जारी होने के उपरांत लगभग 24 मीटर चौड़ी वर्तमान सड़क को फोरलेन निर्माण के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण NHAI को हस्तांतरित किया जाए।

ज्ञात हो कि रायपुर से सारंगढ़ तक फोरलेन सड़क का निर्माण राज्य के लिए महत्वपूर्ण परियोजना है, जिससे रायपुर से बलौदाबाजार होते हुए सारंगढ़ तक की यात्रा न केवल सुगम होगी, बल्कि यातायात व्यवस्था भी सशक्त होगी।

मंत्री वर्मा ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी प्रक्रियाएं समयबद्ध तरीके से पूरी हों, ताकि इस महत्वपूर्ण परियोजना का लाभ आम जनता को शीघ्र मिल सके।



### फोरलेन परियोजना दो चरणों में होगी पूरी

यह फोरलेन परियोजना दो चरणों में क्रियान्वित की जाएगी। प्रथम चरण में ग्राम धनेली से विधानसभा तथा विधानसभा से ग्राम बिनौरी तक कुल 72 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण होगा। द्वितीय चरण में ग्राम बिनौरी से ग्राम सेल होते हुए सारंगढ़ तक फोरलेन सड़क तैयार की जाएगी।

## बरसात में नहीं पहुंच पाती स्कूल वैन और एंबुलेंस, ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

# अधूरा निर्माण छोड़ने से सोनारदेवरी बांसबिनौरी मार्ग बदहाल, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पलारी जनपद अंतर्गत ग्राम सोनारदेवरी से बांसबिनौरी तक करीब एक किलोमीटर लंबी सड़क वर्षों से बदहाल हालत में है। वर्ष 2017 में 50 लाख की लागत से इस सड़क के निर्माण को स्वीकृति मिली थी, लेकिन निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने के कारण आज यह मार्ग गड्ढें, कीचड़ और जलभराव से ग्रस्त है। इससे ग्रामीणों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है।

बरसात के मौसम में सड़क की स्थिति और भी भयावह हो जाती है। गड्ढों में भरे पानी से पैदल चलना भी जोखिम भरा हो जाता है। यह मार्ग न केवल सोनारदेवरी और बांसबिनौरी को जोड़ता है, बल्कि रोहांसी बाजार और अन्य ग्रामों के लिए भी मुख्य संपर्क साधन है।

जय राम साहू, इंजीनियर मंडी बोर्ड ने कहा यह परियोजना उनके कार्यभार लेने से पूर्व स्वीकृत हुई थी। निर्माण कार्य को अधूरे अवस्था में ही अंतिम रूप दे दिया गया, बाद में इसका रिवीजन नहीं हो सका।

### ग्रामीणों ने बयां किया दर्द



ग्राम गबौद निवासी बालाराम बल्लु कोशले ने बताया, सड़क इतनी खराब है कि वाहन पलटने की स्थिति बन जाती है। मजबूरी में हमें कैलाशगढ़ होकर जाना पड़ता है, जिससे अतिरिक्त 8-10 किलोमीटर का सफर करना पड़ता है।

### स्कूल जाना मुश्किल



शिव सागर सोनवानी, छात्र कक्षा 12वीं ने कहा कीचड़ से भरे रास्ते से रोज स्कूल जाना बेहद मुश्किल है। शासन से अनुरोध है कि स्कूल खुलने से पहले सड़क बन जाए।





### 30-40 किलोमीटर लंबा चक्कर

पुरुषोत्तम ध्रुव जनपद सदस्य ने इस सड़क को क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा बरसात में लोगों को 30-40 किलोमीटर लंबा चक्कर लगाकर बलौदाबाजार जाना पड़ता है। शासन-प्रशासन को तत्काल निर्माण कार्य पूरा कराना चाहिए।

### स्कूल और स्वास्थ्य सेवाएं ठप

ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में स्कूल वैन गांव तक नहीं पहुंच पाती, जिससे बच्चों को कीचड़ भरे रास्ते से पैदल स्कूल जाना पड़ता है। आपात स्थिति में एंबुलेंस का पहुंचना भी संभव नहीं हो पाता, जिससे जनजीवन और अधिक संकटग्रस्त हो जाता है।

### ग्रामीणों की चेतावनी : होगा आंदोलन

क्षुब्ध ग्रामीणों ने चेताया है कि यदि शीघ्र इस मार्ग का मरम्मत या पुनर्निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने मजबूर होंगे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी इस मुद्दे पर ठोस पहल की मांग की है।

# होटल कैफे में छापा, अवैध रूप से पिलाई जा रही थी शराब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के कई होटल, कैफे एवं ढाबा में बिना लाइसेंस के अवैध रूप से शराब पिलाई जा रही है। आबकारी विभाग ने पूर्व में ऐसे कई मामलों में कार्रवाई भी की है, लेकिन इसके बाद भी कई होटल, कैफे एवं ढाबा में शराब पिलाने का अवैध कारोबार चल रहा है। आबकारी विभाग ने रविवार को शहर के बैजनाथपारा स्थित होटल गोल्डन आई-आई बीजा कैफे में छापा मारकर यहां से 15 बोतल बीयर जब्त की है, जिसकी कीमत 33 सौ रुपए है। विभाग ने इस मामले में होटल कैफे के मैनेजर होतासान सुना को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा टीम ने अलग-अलग दो जगहों से अन्य दो लोगों को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

■ मैनेजर गिरफ्तार

जिला आबकारी उपाध्यक्ष रामकृष्ण मिश्रा ने बताया कि सहायक जिला अधिकारी वैभव मित्तल के नेतृत्व में विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर होटल आई-आईबीजा कैफे में रात करीब 10 बजे छापा मारा। इस दौरान होटल कैफे के किचन से बटवाइजर ब्रांड की 15 सीलबंद बीयर बरामद की। पूछताछ पर पता चला कि होटल कैफे ने शराब पिलाने का लाइसेंस ही नहीं लिया है। इसके बाद उसके मैनेजर होतासान सुना को गिरफ्तार किया है।

**अन्य दो के कब्जे से 100 पाव शराब जब्त:** टीम ने इसी दिन तिल्दा क्षेत्र में भी मुखबिर की सूचना पर डाकेश्वर यादव निवासी तिल्दा को होंडा एक्टिवा से 25 पाव मसाला एवं 21 पाव गोवा स्पेशल व्हिस्की को परिवहन कर ले जा रहा था, जिसे जब्त कर उसे गिरफ्तार किया। इसके अलावा आमनेर निवासी करण कुमार के कब्जे से 54 पाव देशी मसाला शराब जब्त की है।

# शराब घोटाला- अरविंद सिंह के साथ अनवर को सुप्रीम कोर्ट से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दो हजार करोड़ रुपए के ज्यादा के शराब घोटाला में जेल में बंद अरविंद सिंह के साथ अनवर ढेबर को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है। शराब घोटाला में मनी लांड्रिंग करने के आरोप में ईडी ने अनवर, अरविंद सहित एक दर्जन से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें कुछ लोगों को पूर्व में ही जमानत मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद जरूरी औपचारिकताएं पूरी करने अरविंद सिंह को सोमवार को ईडी की विशेष अदालत में पेश किया गया।

अनवर ढेबर तथा अरविंद सिंह की जमानत याचिका की सुनवाई जस्टिस अभय ओका तथा जस्टिस उज्ज्वल भुयान की बेंच में हुई है। बचाव पक्ष के वकील ने कोर्ट में तर्क देते हुए बताया कि लंबे समय से जेल में बंद होने के बाद भी अब तक ट्रायल शुरू नहीं हुआ है। इसीलिए अरविंद तथा अनवर को जमानत का लाभ देने आवेदन किया गया। कोर्ट ने शर्तों के साथ अरविंद सिंह तथा अनवर ढेबर को जमानत दी है। सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद भी अनवर ढेबर तथा अरविंद सिंह जेल से बाहर नहीं आएंगे। उनके खिलाफ ईओडब्लू में शराब घोटाले को लेकर अपराध दर्ज है।

### ईडी की विशेष कोर्ट में अरविंद सिंह उपस्थित

सुप्रीम कोर्ट में जमानत मिलने के बाद अरविंद सिंह को ईडी के विशेष न्यायलय में पेश किया गया। अरविंद सिंह को 1 लाख रुपए की मुचलका राशि जमा कराने और अपना पासपोर्ट ईडी ऑफिस में जमा कराने कोर्ट ने आदेश दिए। इसके साथ ही हर 15 दिन में ईडी कार्यालय पहुंच उपस्थिति दर्ज कराने आदेश दिए। साथ ही पूछताछ में ईडी को सहयोग करने कहा गया है।

# सहकारी समिति कठिया में किसानों को आवश्यकतानुसार मिलेगी खाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्रामीण अंचलों में खेती किसानी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसानों की समस्याओं को समय रहते हल करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। इसी उद्देश्य को लेकर ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मर्यादित, कठिया द्वारा इस खरीफ सीजन में किसानों के लिए खाद वितरण की प्रक्रिया को पूरी तरह से व्यवस्थित और पारदर्शी बनाया गया है। समिति के संचालक घनश्याम साहू के मार्गदर्शन में समिति ने यह सुनिश्चित किया है कि हर किसान को उसकी आवश्यकता के अनुसार खाद मिले और उसे किसी प्रकार की परेशानी या लंबी लाइन में खड़े रहने जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े। खाद वितरण की प्रक्रिया को समयबद्ध, सुगम और न्यायसंगत बनाने के लिए समिति ने अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इस कार्य को सफल बनाने में समिति के कंप्यूटर ऑपरेटर तिलक राम बघेल, दिनेश कुमार यदु और दीपक वर्मा की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। उन्होंने खाद वितरण की डिजिटल एंट्री, पर्ची निर्माण, किसान डाटा सत्यापन और स्टॉक की नियमित निगरानी जैसे तकनीकी कार्यों को अत्यंत कुशलता से संभाला है। धीरेंद्र वर्मा, दिलेराम वर्मा, दुकालू निषाद, बिजील साहू आदि किसानों ने बताया कि इनकी मेहनत से वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रही और किसानों को बिना किसी भ्रम या परेशानी के खाद उपलब्ध हो सका।

■ किसानों को परेशानी से राहत देने सहकारी समिति ने बनायी खाद वितरण व्यवस्था





संचालक घनश्याम साहू ने कहा कि समिति का उद्देश्य सिर्फ खाद का वितरण नहीं, बल्कि किसानों के भरोसे को बनाए रखना और उनकी मेहनत को समय पर संसाधन उपलब्ध करवा कर सम्मान देना है।

उन्होंने बताया कि आने वाले समय में बीज और कीटनाशकों की उपलब्धता भी इसी तरह समयबद्ध और व्यवस्थित की जाएगी। किसानों ने भी समिति के इस प्रयास की सराहना की है और कहा है कि इस बार की व्यवस्था पहले से कहीं अधिक सुव्यवस्थित और सरल रही। उन्हें सही समय पर खाद मिल गया और कोई अव्यवस्था नहीं रही। ग्रामीण सेवा सहकारी समिति कठिया का यह प्रयास न केवल स्थानीय किसानों के लिए राहत बनकर सामने आया है, बल्कि यह अन्य ग्राम्य समितियों के लिए भी एक प्रेरणास्पद उदाहरण है, कि कैसे इमानदारी, समर्पण और तकनीकी सहयोग से कृषि व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सकता है।

# 42 दिन बाकी, सरोना में 10 एकड़ में दबा कूड़ा हटाना आसान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरोना स्थित पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड में सालों से दबे कूड़ा को निकालकर उसका वैज्ञानिक निष्पादन करने का ठेका लेने वाली एजेंसी समय पर अपना काम पूरा नहीं कर पायी है। अनुबंध के दो साल बीतने के बाद भी ठेका एजेंसी अब तक 28 एकड़ में जमा कूड़ा की स्क्रीनिंग पूरी कर पायी, जबकि 10 एकड़ में दबे कचरे को हटाने केवल 42 दिन बाकी रह गये। बारिश से पहले कचरा निष्पादन का काम पूरा नहीं हुआ, तो एनजीटी की कार्रवाई होना तय है। रायगढ़ की एजेंसी को नगर निगम ने जून 2023 में 12 करोड़ 64 लाख रुपए में इस कार्य का ठेका दिया। अनुबंध के हिसाब से काम की मियाद दिसंबर 2024 में पूरी हो चुकी है। तत्कालीन आयुक्त ने संबंधित एजेंसी को 6 माह का अतिरिक्त समय दिया। यह समय अवधि जून 2025 में पूरी हो जाएगी।

बारिश में सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड का कचरा मुसीबत बन सकता है। नेशनल ग्रीन टिब्यूनल की फटकार के बाद सरोना में फैले ट्रेंचिंग ग्राउंड में डंप 4 लाख 50 हजार



मीट्रिक टन कचरे की सफाई पर अभी संशय की स्थिति बनी हुई है। जमीन में दबे इस कचरे को वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन करने नगर निगम ने राज्य शासन के आदेश पर जून 2023 में रायगढ़ की हिलब्रो मेटेलिक एंड आर्गेनिक प्राइवेट लिमिटेड को जून 2023 में 12 करोड़ 64 लाख रुपये में ठेका दिया। अनुबंधित एजेंसी को दिसंबर 2024 तक काम पूरा करना था, जो अब तक नहीं कर पाई है। सूत्रों के मुताबिक अभी भी यहां करीब 3 लाख 70 हजार मीट्रिन टन कूड़ा की स्क्रीनिंग करके बाहर रखा गया है। बारिश से पहले यह कचरा अगर नहीं हटा, तो निगम में एनजीटी की कार्रवाई करीब तय मानी जा रही है। विदित हो, अनुबंधित एजेंसी के आवेदन पर तत्कालीन निगम आयुक्त ने उसे 6 माह का अतिरिक्त समय काम पूरा करने दिया।

### दो दर्जन नोटिस का असर नहीं, 1 करोड़ 20 लाख का भुगतान रोका

हैरानी की बात ये है कि नगर निगम ने रायगढ़ की जिस एजेंसी को सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरा निष्पादन का ठेका दिया है, उसके काम की सुस्त रफ्तार को देखते हुए निगम प्रशासन अब तक 2 दर्जन नोटिस काम में तेजी लाने के लिए दे चुका है। इसके बाद भी अनुबंधित एजेंसी काम में अपेक्षाकृत तेजी नहीं ला सकी। स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारियों ने एजेसी को संसाधन बढ़ाने की भी हिदायत दी, पर इसका असर देखने को नहीं मिला। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि ड़ेढ सालों में सिर्फ 1 करोड़ 50 लाख रुपये का ही भुगतान किया गया, जबकि 1 करोड़ 20 लाख रुपये का भुगतान रोका गया है। जून तक ट्रेंचिंग ग्राउंड से कचरे की सफाई नहीं हुई, तो जुलाई में यहां सघन वृक्षारोपण कर सिटी फारेस्ट बनाने की योजना खटाई में पड़ सकती है।

## पेज 11 के शेष

### लवन में अवैध...

गया था, लेकिन अतिक्रमणधारियों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया और इससे पहले भी नगर पंचायत की टीम द्वारा अतिक्रमण हटाया गया था और उनसे पुनः अतिक्रमण न करने का निर्देश दिया गया था।

**चौकिया और करकट के शेड जब्त:** इस दौरान टीम ने सड़क पर लगे सात ठेले और दो गुमटी को तत्काल हटा लिया और दूसरे दिन का समय दिया गया है। इस दौरान कई छोटी-छोटी चौकिया और करकट के शेड भी जब्त किए गए। हालांकि इस बार अतिक्रमणकारियों से नगर पंचायत की टीम द्वारा कोई जुर्माना वसूला नहीं किया गया। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी प्रणव प्रधान ने बताया कि जुर्माने की वसूली के बाद भी अतिक्रमणकारियों फिर से दुकान लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं। इस कारण अब उनके सामान जब्त किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया है कि यह अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार आगे भी जारी रहेगा। ज्ञात हो कि पूरे नगर में अतिक्रमणकारियों का कब्जा है।

### कई लोगों ने

अपना-अपना अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया। बाकी का काम बुलडोजर ने कर दिया। बुलडोजर से कई अस्थाई दुकानें हटाई गई कई। गुमटियों को हटाया गया, जबकि कई दुकानों पर लगे शेड तोड़े गए।

### संलग्नीकरण के मुद्दे...

सिमगा ढ़ाल सिंह ठाकुर द्वारा गोल मोल जवाब देते हुए उनके युक्तियुक्त परीक्षण के उपरान्त 24 मई तक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया। ज्ञात हो कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 2022-23 में ही संलग्नीकरण समाप्त कर दिया गया था, लेकिन कुछ लोग अभी भी अपनी राजनीतिक पहुंच व अधिकारियों के विशेष मेहरबानी के चलते अपने मूल पदस्थ स्थान को छोड़ अपनी मनपसंद स्थान पर कार्य कर रहे हैं, जबकि इन कर्मचारियों का बकायदा तनख्वाह मूल पदस्थ स्थान से जारी हो रहा है।

### ठगी के आरोपी ...

मांग की है, जिससे ऐसे अपराधियों को सख्त सजा मिल सके और भविष्य में किसी व्यापारी को इस प्रकार की धोखाधड़ी का शिकार न होना पड़े।

### जिले में 15 जून...

विकास विभाग नोडल विभाग होगा एवं सभी विभाग अपने योजनाओं से चयनित गांव के जनजातीय हितग्राहियों क़ो शतप्रतिशत लाभान्वित करेंगे। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत 50 प्रतिशत से अधिक आबादी वाले 46 गांव का प्रारंभिक रूप से चयन किया गया है। इसमें विकासखण्ड कसडोल के 21 गांव, बलौदाबाजार के 13, भाटापारा के 10 एवं विकासखंड सिमगा के 2 गांव शामिल हैं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, मिथलेश डोंडे सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### मटिया को स्वतंत्र ...

मई को ग्रामसभा का आयोजन किया। सभा में 269 कुल जनसंख्याा रहने के बावजूद ग्राम पंचायत सचिव ने बिना चर्चा के स्वतः स्थगन कर कार्रवाई रजिस्टर में अंकित कर दिया और सचिव द्वारा पूर्ण बहुमत होने के बाद भी 10 प्रतिशत जनसंख्या नहीं है कहकर स्थगित कर दिया गया। ग्राम मटिया के निवासी की उपस्थिति 150 की आसपास थी, लेकिन उनके द्वारा किसी भी सदस्य द्वारा हस्ताक्षर नहीं लिया गया। ग्रामीणों ने मांग पूरी नहीं होने पर आने वाले दिनों में ग्राम पंचायत चुनाव का बहिष्कार कर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

**खबर संक्षेप**

## राष्ट्रीय साधन सह-योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा में तीन छात्राओं का चयन



**खरोरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला से लगातार दूसरे वर्ष राष्ट्रीय साधन सह-योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा 2025 (NMMSE) में विद्यालय से 3 विद्यार्थियों का चयन हुआ। इसमें कुमारी झरना यादव, कुमारी सिमरन देवांगन एवं विकास धीवर शामिल हैं।



इस परीक्षा के तहत चयनित छात्र, छात्राओं को कक्षा 9वीं से 12वीं तक के शिक्षण के लिए प्रति वर्ष 12 हजार रुपए की राशि छात्रवृत्ति स्वरूप दिया जाता है। तीनों छात्र-छात्राएं के चयन होने पर शाला की प्रधानपाठिका सुशीला वर्मा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विजय शर्मा एवं समस्त सदस्य, शाला के शिक्षक जीरा उपाध्याय, रमेश वर्मा, चंद्रशेखर साहू, प्रीति वर्मा, दुर्गेशनंदनी शर्मा, रामकरण वर्मा के द्वारा चयनित बच्चों को बधाई दी।

## महापौर मीनल पहुंचीं काशीराम नगर

**रायपुर।** नगर निगम की महापौर मीनल चौबे सोमवार को काशीराम नगर के आवासीय परिसर पहुंचीं। वहां उन्होंने लोगों से चर्चा कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। वहां के जर्जर आवासों में रहने वाले सैकड़ों परिवारों को पक्के व सुरक्षित आवास में व्यवस्थान कराने जोन 3 कमिश्नर को दिशा निर्देश भी दिए। दरअसल , काशीराम नगर के अत्यंत जर्जर मकानों में निवास कर रहे 275 फ्लैटधारकों को व्यवस्थापन के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मठपुरैना में निर्मित पक्के आवास में आवास आवंटन किया जाना है। जोन 3 कमिश्नर रमेश जायसवाल से प्रभावित परिवारों को उनके सामानों सहित जर्जर मकानों से मठपुरैना में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित पक्के आवास में जल्द लाटरी पद्धति से मकानों की नंबरिंग कर आवास आवंटन की कार्यवाही करने कहा गया। इस दौरान वार्ड पार्षद महेश ध्रुव, अधीक्षण अभियंता संजय बागड़े, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा सीनियर, सहायक अभियंता योगेश यदु, नरेश साहू की उपस्थिति रही।

## प्रदेशभर में धर्म समाज प्रकोष्ठ का दायित्व निभाएंगे भीखम

**रायपुर।** प्रदेश देवांगन कल्याण समाज छत्तीसगढ़ पंजीयन क्रमांक 2338 द्वारा सर्व सम्मति से धर्म प्रचार समिति के सदस्य भीखम देवांगन के कार्यों को समाज के प्रति दायित्वों और धर्म कर्म के प्रति जागरूकता को देखते हुए समाज द्वारा उन्हें नए दायित्व सौंपते हुए देवांगन समाज के तहत धर्म समाज प्रचार प्रकोष्ठ का निर्माण किया है। इसका प्रदेश अध्यक्ष भीखम देवांगन को नियुक्त किया। यह नियुक्ति प्रदेश देवांगन समाज के द्वारा वर्तमान कार्यकाल तक रहेगा। देवांगन समाज द्वारा भीखम देवांगन की सक्रियता को देखते हुए धर्म की ध्वजा को आगे बढ़ाने का जो काम लगातार भीखम देवांगन द्वारा किया गया, उसे देखते हुए समाज द्वारा उन्हें धर्म समाज प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष का पद देने का निर्णय किया है।

## संस्कृत भारती का क्षेत्र प्रशिक्षण वर्ग शुभारंभ

**रायपुर।** संस्कृत भारती छत्तीसगढ़ द्वारा सरोना स्थित केपीएस स्कूल में सोमवार को मध्यक्षेत्र प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केपीएस सरोना के संचालक राकेश मिश्रा, मुख्य वक्ता भरत बैरागी और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय जोरा के पूर्व कुलपति डॉ. सतेंद्र सिंह सेंगर शामिल हुए। इस मौके पर अतिथियों ने बताया कि इस प्रशिक्षण वर्ग में मालवा, मध्यभारत, महाकौशल तथा छत्तीसगढ़ प्रांत से 70 प्रशिक्षर्थी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। संस्कृत भाषा को जनभाषा बनाने के उद्देश्य से संस्कृत भारती द्वारा वर्षभर प्रशिक्षण आयोजित करने का अवसर प्राप्त हुआ है।

### सुशासन तिहार : सिंगारपुर में आयोजित समाधान शिविर में शिवरतन ने ग्रामीणों से किया संवाद

# समाधान शिविर का उद्देश्य है समस्याओं का निराकरण करना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा ने सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत सिंगारपुर में समाधान शिविर में शामिल हुए और ग्रामवासियों से संवाद किया। उन्होंने सबसे पहले सभी विभागों के स्टाल का निरीक्षण किया और प्राप्त आवेदनों एवं उन पर हुए निराकरणों के विषय में सम्बंधित अधिकारियों से जानकारी ली।



समाधान शिविर को सम्बोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा की मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक-एक गारंटी को धरातल पर उतारने का कार्य पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता से कर रहे हैं। भाजपा सरकार जनता से किए गए हर वादे को गंभीरता से लेते हुए उसे पूरा करने में जुटी है। विधानसभा चुनाव से पहले हमने वादा किया था कि सबसे पहले प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवासहीन परिवारों को घर उपलब्ध कराएंगे। हमारी सरकार ने इस वादे को प्राथमिकता दी और सरकार बनते ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सबसे पहले प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति दी।

उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार लोगों की समस्या का निराकरण उनके घर उनके द्वार तक पहुंचकर कर रही है। हमारी सरकार जनता के प्रति जवाबदेह है।

शिवरतन शर्मा ने कहा की समाधान शिविर में हो रही समस्याओं के समाधान को देखकर नागरिक अपनी समस्याएं लेकर शिविर पहुंच रहे हैं। शिविर में तमाम विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति शत-प्रतिशत रहती है और समस्या को ध्यान में रखते हुए अधिकारी समस्याओं का मौके पर ही निपटारा करते हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। इसी वजह से नागरिक शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर पहुंच रहे हैं।

सरकार ने जिन समस्याओं के निदान को लेकर समाधान शिविर की पहल की थी। वह सार्थक हो रही हैं और जनता को त्वरित समाधान मिल रहा हैं, समाधान शिविर का उद्देश्य समस्याओं को समझना व जड़ मूल से खत्म करना है।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, सीईओ हिमांशु वर्मा, बीईओ रामजी पाल, सरपंच कनक मनहरे, संतोष यदु, सुनील यदु, दीनबंधु दुबे, बूधेश्वर वर्मा, शिव यदु, सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### नि:शक्तजनों को मिली ट्राईसिकल व वाकिंग स्टिक





**बलौदाबाजार।** सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा प्राप्त आवेदनों का निराकरण के साथ ही हितग्राहियों क्रो उपकरण प्रदाय किया जा रहा है। इसी कड़ी में 15 एवं 19 मई क्रो दिव्यांगजनों क्रो ट्राइसिकल व वाकिंग स्टिक प्रदान की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा जिला कार्यालय में ग्राम चारौदा के राजकुमार पटेल, औरठी के टोपाराम साहू, शत्रुहन यादव, ग्राम टोनाटार के नारायण प्रसाद यादव को ट्राइसिकल वितरण की गई। इसी तरह ग्राम सुनसुनीया के संजय साहू, देवगांव के दुकलहा पाटले क्रो हस्त चलित ट्राइसिकल एवं ग्राम रवान के महेन्द्र शर्मा क्रो वाकिंग स्टिक प्रदान की गई। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण अरविन्द गेड़ाम सहित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### अर्जुनी में 28 को लगेगा समाधान शिविर

**अर्जुनी।** छत्तीसगढ़ सरकार की मंशानुरूप जनसामान्य की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करने सुशासन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। इसके तीसरे चरण में लोगों की समस्याओं के समाधान हेतु क्लस्टर स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है, ताकि ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं से जोड़ते हुए उनके स्थानीय समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा सके। इसी कड़ी में जनपद पंचायत बलौदाबाजार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अर्जुनी में 28 मई को शासकीय हाई स्कूल में सुबह 10 से शाम 5 तक समाधान शिविर का आयोजन किया गया है। समाधान शिविर में अर्जुनी क्लस्टर के अंतर्गत अर्जुनी खैरताल भद्रापाली रवान कुकुरदी भरसेली ढनढनी करमनडीह सरकीपार भरुवाडीह एवं सेमहराडीह सहित 11 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण शामिल होंगे। वहीं वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी लोकनाथ दीवान को नोडल अधिकारी बनाया गया है।



### शिविर में शामिल हुए डॉ. सनम जांगड़े

**भटगांव।** भटगांव मंडल के अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलटिकरी में सुशासन तिहार समाधान शिविर में पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम पंचायत बेलटिकरी में सुशासन तिहार समाधान शिविर का आयोजन सोमवार को किया गया, जिसमें क्षेत्र वासियों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया एवं विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को चेक, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, पौधा वितरण व अन्य सामग्री का वितरण भी किया गया। भाजपा सरकार जनता के द्वार समाधान हर बार की भावना के साथ जन कल्याणकारी योजनाएं आम जनता तक पहुंचा रही है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिलाईगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े शामिल हुए।

# समर कैंप में बच्चों ने सीखे विभिन्न हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

अंचल में आदर्श विद्यालय के रूप में स्थापित शासकीय विद्यालय तोहड़ा में नोडल प्राचार्य आर एक्का के मार्गदर्शन में स्वैच्छिक रूप से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समर कैंप का आयोजन विद्यालय प्रांगण में 1 मई आयोजित किया गया। इसमें शिक्षकों द्वारा बच्चों को मनोरंजक खेल दिनेश कुमार आडिल द्वारा ज्ञानवर्धक जानकारी, नोतन साहू द्वारा योग शिक्षा, अजीत वर्मा द्वारा खेल, मंजू पैकरा और विद्या वर्मा द्वारा डांस, कमला वर्मा द्वारा जुंबा डांस, माहेश्वरी वर्मा द्वारा मेंहदी, प्रतिभा अचारी, उषा एक्का द्वारा गायन और वादन, विक्रांत पैकरा द्वारा ड्राइंग और पेंटिंग, हीरालाल सिन्हा द्वारा कबाड़ से जुगाड़, कमल साहू द्वारा व्यायाम, रविन्द्र टोप्पो द्वारा क्ले आर्ट आदि की शिक्षा दी जा रही है। इस समर कैंप में टोहड़ा, छपोरा, सरारी, चंगोरी, पाहरी, मानपुर, परसदा, तुलसी, अल्दा आदि गांवों से बच्चे सम्मिलित हुए।



# तिल्दा-नेवरा में ब्लड बैंक भगवान भरोसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

एक समय ऐसा था जब एक भी ब्लड बैंक उपलब्ध नहीं था, जिसके कारण मरीजों को ब्लड के लिए राजधानी का रुख करना पड़ रहा था। वर्षों पश्चात अब हालात बदले, जिसके उपरांत मिशन हॉस्पिटल ब्लड बैंक आशीर्वाद ब्लड बैंक और सजग ब्लड बैंक और विभिन्न संगठनों द्वारा लोगों को रक्त मुहैया किया जाने लगा। फिर भी आपातकालीन स्थिति के चलते मरीज को ब्लड के लिए भटकना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में आवश्यकता यह है कि मरीज के परिजन खुद रक्तदान हेतु आगे आए, जिससे तत्काल मरीज को ब्लड मिल सके।

■ डोनरो के टेस्टिंग के ऐवज में ली जा रही राशि

### डॉक्टरों व कंपाउंडरों के तीखे रवैये की आलोचना

संजीवनी रक्तदाता संघ के अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह चौहान ने इस मुद्दे को संज्ञान में लेते हुए कहा कि सामाजिक संगठनों द्वारा मरीजों को अधिक से अधिक रक्तदान किया जा रहा है, किंतु रक्त की मारामारी इस कदर बढ़ गई है, ऐसी स्थिति में मरीज के परिजन को भी रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। श्री चौहान ने ब्लड बैंकों व हॉस्पिटलों में ब्लड निकलने वाले डॉक्टरों व कंपाउंडरों के तीखे रवैये की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि रक्तदाता अपने निजी कार्यों को छोड़कर मरीजों के लिए रक्तदान करने के आते हैं, किन्तु रक्त निकालने के पश्चात ना तो उन्हें जूस के लिए पूछा जाता है और न ही कोई फल की सुविधा होती है।

### रक्तदाताओं के आराम करने की सुविधा तक नहीं

यहां तक कि ब्लड निकलने के लिए उनके शरीर पर भेदे गए स्थान पर बैंडेज लगाने के बजाय पेपर टेप से ही काम चला लिया जाता है। बैंकों में रक्तदान करने के पश्चात कुछ समय के लिए रक्तदाताओं को आराम करने की सुविधा तक नहीं है। डोनरो के टेस्टिंग के ऐवज में डॉक्टर 1500 से 2000 चार्ज करते हैं, जिसका भुगतान मरीज के परिजनों को करना पड़ता है जो की गलत है तथा रक्तदाताओं को किसी भी प्रकार का टेस्टिंग सर्टिफिकेट नहीं दिया जाता और ना ही कोई सुविधा दी जाती है। चौहान ने यह भी कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा नेवरा में ब्लड बैंक सबसे पहले आने चाहिए थे जो कि अभी तक संभव नहीं हो पाया है चूंकि औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण सड़क दुर्घटना और डिलीवरी वाले पेशेंट तत्काल यहीं एडमिट किये जाते हैं अतः यहां ब्लड बैंक होना अति आवश्यक है।

# 13 चालकों पर न्यायालय ने ठोका 1.35 लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और शराब पीकर वाहन चलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 19 मई को शराब सेवन कर वाहन चला रहे 13 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां न्यायालय ने 1,35,000 का अर्थदंड लगाया। न्यायालय द्वारा 12 मामलों में प्रत्येक चालक पर 10 हजार का अर्थदंड तथा एक विशेष मामले में 15 हजार का दंड लगाया गया। इस तरह कुल 13 चालकों से 1.35 लाख का जुर्माना वसूल किया गया।



### आगे भी जारी रहेगी सख्ती

यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण और नागरिकों की सुरक्षा के लिए इस तरह की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। शराब पीकर वाहन चलाना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह जानलेवा लापरवाही भी है। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे वाहन चलाते समय पूर्णतः शराबमुक्त रहें और यातायात नियमों का पालन करें। स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ दूसरों की जान की भी जिम्मेदारी हर चालक की है।

### ब्रेथ एनालाइजर से हुई पहचान वाहन जब्त कर न्यायालय में पेश

यातायात शाखा बलौदाबाजार, सिमगा और कसडोल क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान के दौरान ब्रेथ एनालाइजर की सहायता से शराब पीकर वाहन चला रहे चालकों को पकड़ा। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए उनके वाहन जब्त कर न्यायालय में प्रस्तुत किया।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से कृषक को मिला संबल

**बलौदाबाजार।** जिले के ग्राम पंचायत अर्जुनी निवासी किसान रतन लाल वर्मा को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का सीधा लाभ मिल रहा है। केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत उन्हें प्रतिवर्ष 6000 रुपए की आर्थिक सहायता तीन किश्तों में मिलती है। इस योजना से इन्हें आर्थिक सम्बल मिला है। श्री वर्मा ने बताया कि यह सहायता राशि उनके लिए खेती-किसानी के कार्यों में काफी उपयोगी साबित हो रही है। वे इस धनराशि का उपयोग खाद-बीज की खरीद और कृषि से जुड़ी अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने में करते हैं, जिससे उनकी उपज में भी सुधार हुआ है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताते हुए कहा कि यह योजना छोटे किसानों के लिए बहुत सहायक है। गौरतलब है कि बलौदाबाजार-भाटापारा जिला प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के क्रियान्वयन में प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। हाल ही में 19वीं किश्त के तहत जिले के 1,34,269 किसानों को 31.38 करोड़ रुपये की राशि सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की गई है।



# मोहरा-भालेसुर में सोखता निर्माण कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

ग्राम पंचायत मोहरा, भालेसुर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत बोरवेल्स एवं हैंडपंपों के पास जल संचयन एवं भू-जल स्तर को बनाए रखने के उद्देश्य से सोखता गड्ढों का निर्माण किया जा रहा है।

इस कार्य का मुख्य उद्देश्य बरसात एवं नलों से निकलने वाले अतिरिक्त पानी को उचित दिशा में प्रवाहित कर भूमि में समाहित करना है, जिससे जल स्तर में सुधार हो सके। स्थानीय लोगों की सहभागिता के साथ इस योजना को गति दी जा रही है। तस्वीर में देखा जा सकता है कि स्थानीय युवाओं और ग्रामीणों द्वारा सामूहिक प्रयास से ईंट, सीमेंट और बालू की सहायता से सोखता गड्ढा तैयार किया जा रहा है। इस कार्य के दौरान ग्राम भालेसुर के सरपंच नवीन वर्मा ने स्वयं अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और कार्य की गुणवत्ता एवं प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जल संरक्षण के महत्व को समझाया और अधिक से अधिक लोगों को इस योजना से जोड़ने का आह्वान किया। सरपंच वर्मा ने कहा कि जल ही जीवन है, और भविष्य की पीढ़ियों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के लिए हमें आज ही सजग होना होगा। इस प्रकार के सोखता निर्माण कार्य न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं, बल्कि स्वच्छता और जल प्रबंधन में भी सहायक सिद्ध होंगे। इस अवसरपर ग्रामीण एवं पंच उपस्थित थे।



### शौर्य तिरंगा यात्रा से गूंजा हिरमी, बड़ी संख्या में शामिल हुए नगरवासी

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर मना जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावण

भारतीय सेना द्वारा संचालित ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत हिरमी एवं कुथरौद में रविवार को एक भव्य शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व डॉ. मोहन लाल वर्मा सभापति सहकारिता एवं उद्योग समिति ने किया। डॉ. वर्मा ने कहा यह यात्रा तिरंगे के प्रति सम्मान ही नहीं, बल्कि हमारे शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि भी है। यह देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को सशक्त करने का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे देश की रक्षा और सेवा में सदैव तत्पर रहें। शौर्य तिरंगा यात्रा में ग्रामवासियों का उत्साह देखते ही बनता था। पूरे गांव में भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से देशभक्ति का वातावरण गूंज उठा। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और हाथों में तिरंगा लेकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे, जिसमें डॉ. दौलत राम पाल अध्यक्ष, जनपद पंचायत सिमगा, हेमंत बघमार मंडल अध्यक्ष सुहेला, करन वर्मा विधायक प्रतिनिधि, पुनऊ राम भारती सरपंच हिरमी, सविता हेमंत यादव जनपद सदस्य, खोमलाल साहू जनपद सदस्य भटभेरा, डोमर सिंह मारकंडे सरपंच नवापारा, झाला राम वर्मा, फुदरु राम पाल, डॉ. बीएल वर्मा, कीर्ति वर्मा एवं झगलू राम यादव उपस्थित थे। यात्रा में हिरमी पंचायत के सभी प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन ने जहां एक ओर देश के प्रति सम्मान और गर्व की भावना को प्रबल किया, वहीं दूसरी ओर युवाओं में राष्ट्रभक्ति के प्रति जागरूकता का संचार भी किया। आयोजकों का कहना है कि इस प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित कर जनमानस में राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत किया जाएगा।



